# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511288, 0771–2511287, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com


पत्र. क्र. / NHM / HR / 2020 / NS-244/1650 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 01 / 01 / 2021

## / / पदस्थापना हेतु काउंसिलिंग की सूचना / /

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के लिये 06 माह के ब्रिज कोर्स–सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ फॉर नर्सेस, जनवरी 2020 बैच के प्रशिक्षण उपरांत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का पदस्थापना स्थल के चयन हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग दिनांक 06/01/2021 से 11/01/2021 तक विभागीय वेबसाईट **www.cghealth.nic.in** के माध्यम से किया जायेगा।

**अभ्यर्थियों हेतु निर्देश :–**

01. सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग संभागवार ऑनलाईन के माध्यम से किया जायेगा।
02. अभ्यर्थी को संबंधित संभाग अंतर्गत रिक्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (उपस्वास्थ्य केन्द्र) का चयन करना अनिवार्य होगा।
03. संबंधित संभाग के अतिरिक्त अन्य संभाग अंतर्गत रिक्त पदस्थापना स्थल का चयन करने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा चयनित पदस्थापना स्थल को अमान्य कर दिया जायेगा।
04. अभ्यर्थी को संबंधित संभाग अंतर्गत अधिकतम तीन जिलों में रिक्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का चयन करना होगा।
05. अभ्यर्थी को उक्त तीन जिलों में प्राथमिकता क्रम के अनुसार अधिकतम 15 (एक जिले से अधिकतम 10) रिक्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का चयन करना होगा।
06. मेरिट क्रम के आधार पर अभ्यर्थी द्वारा चयनित पदस्थापना स्थल में पदस्थापना की जायेगी।
07. अभ्यर्थी द्वारा चयनित पदस्थापना स्थल को अन्य अभ्यर्थियों को आबंटित होने की दशा में संबंधित संभाग के शेष रिक्त पदस्थापना स्थल में दिया जायेगा।
08. अभ्यर्थी द्वारा चयनित पदस्थापना स्थल को अंतिम माना जायेगा एवं परिवर्तन नहीं किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी इसका विशेष ध्यान रखें।
09. काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों द्वारा पदस्थापना हेतु पदस्थापना स्थल का प्राथमिकता क्रम में चयन किया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि में पदस्थापना स्थल का चयन न करने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थी को संबंधित संभाग के रिक्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थापना की जायेगी। जो अभ्यर्थियों को मान्य होगा।

31/12/2020
**उपसंचालक**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

C:\Users\Dell\Desktop\Latter.docx